



# डायनासोर
# का अंडा

एम. क्रिस्टीना बटलर


चित्र: वैल बिरो



स्टेगोसॉरस
STEGOSAURUS
(steg-o-SAW-rus)
स्पाईनोसॉरस
SPINOSAURUS
(SPY-no-SAW-rus)
डिप्लोडोकस
DIPLODOCUS
(di-PLOD-o-cuss)
कम्पसोगनाथस
COMPSOGNATHUS
(komp-sog-NAY-thuss)
ट्राइसेराटॉप्स
TRICERATOPS
(try-SARE-ah-tops)

# डायनासोर
# का अंडा

एम. क्रिस्टीना बटलर

चित्र: वैल बिरो






बहुत समय पहले जब डायनासोर रहते थे....



...तब एक सफेद, बड़ा अंडा रेत में पड़ा था.



एक समुद्री साँप ने रेत में अंडा देखा और
उसने चाय के लिए उसे खाना चाहा.




"तुम मेरे अंडे को छूने की हिम्मत मत करना," गुस्से में
डिप्लोडोकस चिल्लाया. "देखो, वो मेरा अंडा है."

जब समुद्री साँप चला गया,
तो डिप्लोडोकस अंडे को समुद्र
से दूर जंगल में ले गया.

"मैं इसे उन पत्तों के नीचे छिपा
दूंगा," उसने कहा. "फिर किसी को
पता नहीं चलेगा कि वो वहां है."






अचानक पेड़ों से एक विशाल
ट्राईसेराटॉप्स बाहर निकलकर आया.

"तुम मेरे अंडे के साथ क्या कर रहे हो?" वो दहाड़ा.


"वो अंडा मेरा है."



"वो मेरा अंडा है," डिप्लोडोकस अपनी पूँछ हिलाते हुए चिल्लाया.

"नहीं, वो मेरा है!" ट्राइसेराटॉप्स ने अपने दांत किटकिटाए.

"वो अंडा मेरा है!"




जब वे दोनों डायनासोर गुस्से में बहस और लड़ाई कर रहे थे, तभी अंडा पहाड़ी से नीचे एक गुफा में लुढ़ककर चला गया.

तभी अंदर गहरे अंधेरे में, एक सोया हुआ स्टेगोसॉरस अपनी नींद से जागा.

"हे भगवान," उसने अपने पैर की उंगलियों पर अंडे को देखकर कहा. "मैंने एक सुंदर बड़ा, सफेद अंडा दिया है."






स्टेगोसॉरस जंगल में भागा और उसने पाया कि दोनों डायनासोर अभी भी गुस्से में बहस कर रहे थे.

"मैंने एक अंडा दिया है," स्टेगोसॉरस ने उनसे कहा.

"एक बड़ा सफ़ेद अंडा?" वे दोनों एक साथ चिल्लाए.


"लेकिन वो बड़ा सफ़ेद अंडा मेरा है."



तीनों डायनासोर गुफा की ओर वापस भागे लेकिन जब उन्होंने अंदर देखा तो पाया...




कि बड़ा सफ़ेद अंडा फूट गया था.




तभी ट्राइसेराटॉप्स को रेत में पैरों के निशान दिखाई दिए.

इसलिए डिप्लोडोकस, ट्राइसेराटॉप्स और स्टेगोसॉरस जितनी तेजी से संभव हुआ पदचिह्नों के पीछे-पीछे भागे ....


और जल्द ही वे नदी पर पहुंचे.




वहां पर उन्होंने बहुत सारे डायनासोर देखे लेकिन उनमें से कोई भी अंडे से निकला हुआ बच्चा नहीं लग रहा था.




वे समुद्र तक पदचिन्हों का पीछा करते रहे...





और वहाँ उन्होंने उस बच्चे को रेत में खेलते हुए पाया. लेकिन कहानी अभी यहीं समाप्त नहीं हुई...



वहाँ उन्हें उस बच्चे की माँ भी मिली... **टायरानोसॉरस रेक्स** -
जो उनमें सबसे खूंखार और भयंकर डायनासोर थी!


TYRANNOSAURUS REX
(ty-ran-oh-SAW-rus rex)
टायरेनोसौरस रेक्स
एंकिलोसॉरस
ANKYLOSAURUS
(an-KY-loh-SAW-rus)
ELASMOSAURUS
(ee-laz-mo-SAW-rus)
एलास्मोसॉरस
PTERANODON
(ter-AN-o-don)
टेरानोडॉन
ANATOSAURUS
(a-nat-o-SAW-rus)
एनाटोसॉरस



बहुत समय पहले, जब डायनासोर रहते थे,
एक बड़ा सफेद अंडा रेत में पड़ा हुआ था.

डिप्लोडोकस ने उसे देखा...

ट्राइसेराटॉप्स ने उसे देखा. ..

स्टेगोसॉरस ने उसे देखा...

और वे सभी उस अंडे को चाहते थे - जब तक
उन्हें पता नहीं चला कि उसके अंदर क्या था!